आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 जून 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- पिछले एक दशक में देश में करीब सत्ताइस करोड़ लोग घोर गरीबी से बाहर निकले। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में अत्यधिक गरीबी की दर अब साढ़े पांच प्रतिशत से भी कम।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान कल्याण के लिये दोहराई सरकार की प्रतिबद्धता। एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर कहा– देश के परिश्रमी किसानों की सेवा सरकार के लिये गौरव की बात।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत प्रदेश भर में कार्यक्रमों का दौर जारी। आज औरैया में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर मिनी बीज किट का वितरण करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।
- प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने का अनुमान। मौसम विभाग ने जारी किया कल से कई इलाकों में लू चलने का अलर्ट।

**********

विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत की अत्यधिक गरीबी दर में पिछले एक दशक में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गयी है और यह साढ़े पांच प्रतिशत से भी कम रह गयी है। अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या पिछले ग्यारह सालों में चौंतीस करोड़ चौवालीस लाख से घटकर सात करोड़ बावन लाख रह गयी है। एक रिपोर्ट–

***पिछले ग्यारह वर्षों में देश में करीब सत्ताइस करोड़ लोग घोर गरीबी से बाहर निकले हैं। विश्व बैंक की ताजा जारी रिपोर्ट में यही आंकड़े सामने आये हैं। अत्यधिक गरीब की दर जो दो हजार ग्यारह–बारह में सत्ताइस दशमलव एक प्रतिशत थी वह दो हजार बाइस–तेइस तक घटकर सिर्फ पांच दशमलव तीन प्रतिशत रह गयी। यह उपलब्धि भारत को गरीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में अहम पड़ाव है। पूरे भारत में अत्यधिक गरीबी को कम करने में जो महत्वपूर्ण प्रगति हुयी है उनमें पांच बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और बंगाल का अहम योगदान है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से मैं रीतेश।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। एनडीए सरकार के केन्द्र में ग्यारह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में श्री मोदी ने कहा कि यह सरकार के लिए गौरव की बात है कि उसने इस कार्यकाल में देश के परिश्रमी किसानों की सेवा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मृदा स्वास्थ्य और सिंचाई जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जो बहुत लाभकारी सिद्ध हुआ।

**********

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना किसानों को अधिक समृद्ध बनाने और कृषि सुधारों पर निर्भर करेगा। उन्होंने किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान सफल बनाने के लिए वैज्ञानिकों की बात सुनने और अपने काम में उनकी सलाह का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। वे मध्य प्रदेश के सीहोर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

***मेरे विभाग में 16 हजार वैज्ञानिक हैं कृषि विभाग में। मैंने वैज्ञानिकों से कहा कि रिसर्च जो की है वो जाके किसानों को गांव में बताना पड़ेगा, ताकि किसान उसके अनुरूप खेती कर सके और उत्पादन बढ़ा सके। विकसित भारत के लिए विकसित खेती और समृद्ध किसान ये हमारा संकल्प है***

**********

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कल महराजगंज जनपद के पनियरा विधानसभा क्षेत्र के बैजू डेहरा में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अभियान किसानों को नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि यह अभियान 12 जून तक चलाया जायेगा, यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने जन जागरूकता के लिये प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रदर्शनी में लगाये गये विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने किसानों को ट्रैक्टर की चाभी वितरित की, साथ ही श्रीअन्न के मिनी किट भी प्रदान किए।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत हरदोई में किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती के लिये प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष सिंह आशू ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये। उधर, आजमगढ़ जिले के विकासखंड पवई के छज्जो पट्टी गांव में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को आय दोगुनी करने की विभिन्न तकनीक की जानकारी दी गई। जनपद के नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक वाराणसी, शैलेन्द्र कुमार ने किसानों से कृषि की नई तकनीक सीखने के साथ–साथ मछली पालन, मुर्गी पालन और अन्य व्यवसायों को अपनाने की सलाह दी।

अमरोहा के नौगांव में अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने गांव में जाकर किसानों को फसल संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक किया और आय बढ़ाने के लिये कृषि के नये तरीकों की जानकारी दी। उन्नाव में किसानों को शासन की किसान कल्याण सम्बन्धी योजनाओं और कृषि, बागवानी, पशुपालन तथा मृदा परीक्षण के बारे में बताया गया।

**********

प्रदेश सरकार, विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्रगतिशील किसानों को चार लाख अट्ठावन हजार निःशुल्क खाद्यानों की मिनी बीज किट वितरित करेगी, जिसमें दलहन, उरद, मूंग, अरहर के एक लाख से अधिक, तिल के एक लाख और मूंगफली के छः हजार किट होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज औरैया में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के साथ ही मिनी बीज किट का वितरण भी करेंगे।

**********

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर किये गये कार्यों से एक दशक में देश में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर आकाशवाणी समाचार एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में प्रस्तुत है भारतीय किसानों के सशक्तिकरण पर यह विशेष रिपोर्ट–

***पिछले ग्यारह वर्षों में, देश का कृषि क्षेत्र एक मौन क्रांति का गवाह रहा है। इसके पीछे बीज से बाजार तक के दृष्टिकोण की प्रेरणा रही है। कृषि में सरकार का बजट आवंटन लगभग पांच गुना बढ़ा है। 2013–14 में यह 28 हज़ार करोड़ रुपये था जो 2024–25 में एक लाख 37 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन लाख 70 हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि 11 करोड़ किसानों तक सीधे पहुंचाई गई हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया, वहीं, फ़सल बीमा योजना से लगभग 20 करोड़ किसानों को लाभ हुआ है। गेहूं, धान, दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फ़सलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी बढ़ोतरी हुई है। सोलर पंपों के लिए पीएम–कुसुम और प्राकृतिक खेती मिशन जैसी योजनाओं से कृषि क्षेत्र में मजबूती और स्थिरता को बढ़ावा मिला। पीएम कृषि सिंचाई योजना और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना ने सिंचाई और मृदा उत्पादकता को मजबूत किया है। किसानों को आधुनिक उपकरणों और वैज्ञानिक जानकारी के साथ सशक्त बनाया है। सरकार ने संबद्ध क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। आज, भारतीय किसान केवल एक कृषक नहीं है, अब वह राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहा है। दिल्ली से विष्णु की रिपोर्ट के साथ शशांक कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्रथम तल पर प्रतिष्ठित श्रीराम दरबार का दर्शन जल्द ही श्रद्धालुओं को मिलने लगेगा। इसके लिए श्रीराम मंदिर ट्रस्ट विचार कर रहा है। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर के परिसर में श्री राम जन्म स्थान अर्थात जहां पर रामलला टेंट में विराजमान थे, उस स्थल पर एएसआई पुरातत्व विभाग की टीम सर्वे कर रही है। सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि इस पर चर्चा कर रहे हैं। भगवान के दरबार में जाने और आने को लेकर श्रीराम मंदिर ट्रस्ट व्यापक प्रबंध में जुटा हुआ है।

***हमारे सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट के जो प्रतिनिधि आए हैं, उनके साथ भी विस्तार से चर्चा हुई। वहाँ की व्यवस्था के बारे में भी न्यास विचार कर रहा है। जैसे ऊपर चढ़ने के लिए सीढ़ियों पर रेलिंग की व्यवस्था कैसी हो, कितनी लाइने हों। यह सब प्रशासनिक विषय हैं जो न्यास में श्री चंपत राय जी के स्तर पर विचाराधीन हैं। मेरा अनुमान है कि एक सप्ताह से दस दिन के अंदर श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा मिल जाएगी।***

**********

मेरठ के ऐतिहासिक और प्रांतीयकृत नौचंदी मेले के पटेल मंडप में राष्ट्रीय संस्कृति साहित्यधारा ट्रस्ट द्वारा कल ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन सिंदूर विजयोत्सव का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य का अनुपम उदाहरण है।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने कल से प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने का अलर्ट भी जारी किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

**********